समाज+समूह

- **समाज**–दो या दो से अधिक व्यक्ति जब अर्थपूर्ण अन्तःक्रिया करते है।

(गिलिन एवं गिलिनः क्लचरल सोशियोलॉजी)

समूह– दो यो दो से अधिक व्यक्तियों का एकत्रीकरण

परिभाषायें (Definitions)

–**मैकाइवर एवं पेज**– समूह से हमारा तात्पर्य व्यक्तियो के किसी भी ऐसे संग्रह से है जो सामाजिक सम्बन्धों के कारण एक–दूसरे के समीप हों।

(सोसाइटी:पृ0213)

–**ऑगबर्न एवं निमकॉफ**– जब कभी दो या दो से अधिक व्यक्ति एकत्र होकर एक दूसरे पर प्रभाव डालते है, तब वे एक समूह का निर्माण करते है। (ए हैण्डबुक ऑफ सोशियोलॉजी: पृ0172)

–**गिलिन एवं गिलिन**– समूह की आधारभूत विशेषता दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सम्पर्क का होना है।

परिभाषायें (Definitions)

- मर्टन– इनके अनुसार समूह के निर्माण के लिए निम्न बातों का होना आवश्यक है–

1– दो या दो से अधिक व्यक्तियों का होना।

2– इनमें सामाजिक सम्बन्धों का पाया जाना।

3– व्यक्ति स्वयं अपने को किसी विशेष समूह का सदस्य समझे, अन्य भी ऐसा ही समझें।

विशेषतायें (Characteristics)

- व्यक्तियों का एकत्रीकरण
- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सम्बन्ध
- कार्य विभाजन
- ऐच्छिक सदस्यता
- निश्चित संरचना
- समझौता होना जो संघर्ष को रोकता है
- परस्पर जागरूकता

– एक परिवार, एक गांव,एक राष्ट्र, एक मजदूर संगठन, एक राजनीतिक दल आदि एक सामाजिक समूह है।

सामाजिक समूहों का वर्गीकरण

- **सदस्यों की संख्या के आधार पर On the Basis of Number**

  छोटा समूह एवं बड़ा समूह

  –छोटा समूह – परिवार, खेल समूह आदि

  –बड़ा समूह – राज्य या राष्ट्र

औपचारिकता के आधार पर

On the Basis Formilty

- औपचारिक एवं अनौपचारिक समूह
- औपचारिक समूह– नियम, कानून, प्रशासनिक व्यवस्था
- जैसे– स्कूल, चिकित्सालय आदि
- अनौपचारिक समूह – व्यवहार, नियंत्रण, धर्म, विश्वास आदि
- जैसे– परिवार के सदस्य आदि

समाजिक सम्बन्धों के आधार पर

On the basis of Social Relationship

- **प्राथमिक समूह**–जिसमें आमने–सामने के घनिष्ठ सम्बन्ध पायें जाते है।

  जैसे –पड़ोसी, मित्र, परिवार आदि

  द्वैतीयक समूह– जिनमें अप्रत्यक्ष सम्बन्ध पायें जाते है।

  जैसे– अध्यापक एवं छात्र के बीच पायें जाने वाले सम्बन्ध

संदर्भ समूह Reference Group

- मर्टन ने सर्वप्रथम इस अवधारणा का प्रतिपादन किया
- जब व्यक्ति सदस्य तो एक समूह का है परन्तु वह दूसरे समूह का सदस्य बनने की इच्छा रखता है तो दूसरा समूह उसके लिए संदर्भ समूह होगा।